**भाकृअपराष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो -**
**ICAR-National Bureau of Plant Genetic Resources**
**पूसा परिसर110012- नई दिल्ली ,**
**Pusa Campus, New Delhi – 110012**

फा.सं. राभा 1(1)/2022-हिंदी                                                    दिनांक: 07 नवम्बर, 2022

# सूचना

**विषय: भाकृअप – राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक के आयोजन के संबंध में सूचना।**

सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से उपर्युक्त विषय के संदर्भ में उल्लेख है कि निदेशक, राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो की अध्यक्षता में दिनांक 09.11.2022 को अपराहन 3.30 बजे, डॉ एच बी एस समिति कक्ष, एनबीपीजीआर, पूसा नई दिल्ली में संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की कार्यसूची की मदों के साथ पिछली बैठक की कार्यवृत्त पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की रिपोर्ट अवलोकन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु संलग्न है।

अतः अनुरोध है कि कृपया निर्धारित तिथि को यथासमय उपस्थित होने की कृपा करें। यदि किसी कारणवश उक्त बैठक में उपस्थित होना संभव न हो तो किसी अन्य प्रभारी/ समकक्ष अधिकारी को भाग लेने हेतु नामित करें।

संलग्नक: उपर्युक्त वर्णित

(आशुतोष कुमार)
उप निदेशक (राभा)
सदस्य सचिव, राजभाषा कार्यान्वयन समिति

वितरण:
राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य।

**भाकृअपराष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो -**
**ICAR-National Bureau of Plant Genetic Resources**
**पूसा परिसर110012- नई दिल्ली ,**
**Pusa Campus, New Delhi – 110012**

फा.सं. राभा1(1)/2022-हिंदी दिनांक: 07 नवम्बर, 2022

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक
दिनांक: 09 नवम्बर, 2022
समय: अपराहन 03.30 बजे
स्थान: डॉ एचबीएस समित कक्ष

## कार्यसूची की मदें

**स्थाई मदें**

1. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 12.08.2022 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत की पुष्टि।
2. समिति की पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा।
3. संस्थान के प्रभागों, इकाइयों एवं अनुभागों से प्राप्त तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा।
4. संस्थान के क्षेत्रीय केन्द्रों में राजभाषा कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा एवं मॉनिटरिंग हेतु क्षेत्रीय समिति का गठन।
5. राजभाषा विभाग द्वारा वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित पत्राचार एवं टिप्पणी के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु कारगर योजना (Speech to text के माध्यम से) तैयार करना।
6. तिमाही प्रगति रिपोर्ट को विधिवत भरा जाना एवं समयानुसार प्रेषण।
7. हिंदी में कार्य को सरल करने हेतु सभी वर्ग के कार्मिकों के लिए विभिन्न विषयों पर नियमित अंतराल पर कार्यशाला एवं संगोष्ठी के आयोजन के संबंध में चर्चा।
8. धारा 3(3) के दस्तावेजों के बारे में दी जाने वाली सूचना को रिपोर्ट में सही से भरकर भेजना और संबंधित नियम के अनुपालन पर विशेष चर्चा।

**अस्थाई मदें**

9. परिषद मुख्यालय के हिन्दी प्रभाग द्वारा जारी पत्र सं फा. सं. राभा 1(4)/2020 हिन्दी दिनांक 09.11.2021 के अनुपालन में संस्थान के हिन्दी अनुवादक के रिक्त पद को भरना।
10. संस्थान में सभी तरह के विज्ञापन/प्रचार आदि पर किए गए कुल व्यय का किसी भी स्थिति में कम से कम 50 प्रतिशत धन हिंदी विज्ञापनों पर तथा शेष 50 प्रतिशत क्षेत्रीय भाषओं तथा अंग्रेजी पर किया जाना।

11. संस्थान और क्षेत्रीय केन्द्रों में राजभाषा को ICT से जोड़ते हुए रिपोर्ट की ऑनलाइन सुविधा सृजित करने के संबंध में चर्चा।
12. संस्थान की वैबसाइट को पूर्णतया द्विभाषीकृत करना।
13. संस्थान की विभागीय तकनीकी शब्दावली एवं राजभाषा पत्रिका का प्रकाशन ।
14. कृषि अनुसंधान संस्थानों में राजभाषा के कार्यान्वयन की सहजता विषय पर अखिल भारतीय कार्यशाला।
15. राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 2022–23 पर चर्चा।
16. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई अन्य मद।

.....................................

भाकृअप – राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो के निदेशक महोदय की अध्यक्षता में संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 12.08.2022 को संपन्न हुई बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई।

| मद संख्या | लिए गए निर्णय | की गई अनुवर्ती कार्रवाई |
|---|---|---|
| 1. | दिनांक 29.04.2022 को संपन्न पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई। | |
| 2. | पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई प्राप्त हुई और इस संबंध में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक बैठक के दौरान एक रजिस्टर में सभी उपस्थित सदस्यों के हस्ताक्षर लिए जाएं। | संबंधित कार्रवाई की गई है। |
| 3. | सभी प्रभागों, इकाइयों एवं अनुभागों से प्राप्त तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा की गई। जिसके दौरान यह पाया गया कि तिमाही रिपोर्ट के प्रपत्र को उपयुक्त तरीके से भरा जाए। इस संबंध में अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रत्येक प्रभाग/अनुभाग से एक नोडल हिंदी अधिकारी के माध्यम से रिपोर्ट प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि प्रत्येक तिमाही में पिछली तिमाही से उत्तरोत्तर प्रगति प्राप्त की जाए, जिससे कि वार्षिक कार्यक्रम के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। | इस संबंध में पत्र संख्या राभा 1(1)/2022-हिंदी दिनांक 27.10.2022 द्वारा परिपत्र जारी किया गया है। |
| 4. | अध्यक्ष महोदय द्वारा धारा 3(3) में जारी कागजात को द्विभाषी रूप में अनिवार्य रूप से जारी करने के निर्देश दिए गए और हिंदी में पत्राचार तथा हिंदी में टिप्पण को सरल बनाने के सन्दर्भ में आधुनिक तकनीकियों का उपयोग करने के लिए सभी कार्मिकों को सक्षम बनाने हेतु कार्यशाला के साथ अन्य माध्यमों से प्रशिक्षित किया जाए। यह भी निर्णय लिया गया कि सभी हिंदी कार्यशालाओं में संस्थान के सभी नामित कार्मिकों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। | इस संबंध में पत्र संख्या राभा 1(1)/2022-हिंदी दिनांक 27.10.2022 द्वारा परिपत्र जारी किया गया है। |
| 5. | तिमाही प्रगति रिपोर्ट के प्रेषण के संबंध में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक तिमाही के अंत के दस दिनों के अन्दर हिंदी तिमाही प्रगति रिपोर्ट विधिवत रूप से भर करके हिंदी अनुभाग को प्रेषित की जाए जिससे कि संस्थान की रिपोर्ट राजभाषा विभाग को समयानुसार भेजी जा सके। | इस संबंध में पत्र संख्या राभा 1(1)/2022-हिंदी दिनांक 27.10.2022 द्वारा परिपत्र जारी किया गया है। |
| 6. | नियमानुसार राजभाषा कार्यान्वयन के लिए प्रत्येक तिमाही में कार्यान्वयन समिति की बैठक एवं हिंदी कार्यशाला का आयोजन अपेक्षित है। अतः निर्णय लिया गया कि प्रत्येक तिमाही में प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर | एनबीपीजीआर के अधीनस्थ क्षेत्रीय केन्द्रों की तिमाही प्रगति रिपोर्ट एवं तिमाही बैठकों से संबंधित पत्र प्राप्त हो रहे हैं। जिसकी समीक्षा के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। |

| | | |
|---|---|---|
| | क्षेत्रीय केंद्रों की हिंदी प्रगति समीक्षा संबंधी पत्र जारी किए जाएं। | |
| 7. | एनबीपीजीआर, पूसा में हिंदी अनुवादक के रिक्त पद को भरने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की गई है। परिषद् मुख्यालय के निर्देशन में संपन्न की जा रही भर्ती प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति प्राप्त करने के संबंध में निर्णय लिया गया। | भर्ती प्रक्रिया जारी है। परिणाम आने के बाद टी-3 हिंदी अनुवादक का पद भरा जाएगा। |
| 8. | हिंदी पखवाड़ा/मास के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को दी जाने वाली पुरस्कार राशि एवं निर्णायकों को दी जाने वाली मानदेय राशि निम्न प्रकार से प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया। (प्रथम पुरस्कार रु 2000/-, द्वितीय पुरस्कार रु 1500/-, तृतीय पुरस्कार रु 1000/-, प्रोत्साहन पुरस्कार रू 700/- एवं निर्णायकों को मानदेय रु 2000/-) | इस संबंध में पत्र संख्या राभा 17(1)/2022-हिंदी दिनांक 01.11.2022 द्वारा कार्यालय आदेश जारी किया गया है। |
| 9. | राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रीय केंद्रों को दो वर्गों में ('क' एवं 'ख' क्षेत्र के लिए एक शील्ड तथा 'ग' क्षेत्र के लिए एक शील्ड) शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में निर्णय लिया गया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान क्षेत्रीय केंद्रों में राजभाषा के क्षेत्र में की गई प्रगति को मुख्यालय द्वारा निर्धारित मानदंडों के आधार पर एक निर्णायक समिति के मूल्यांकन के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय केंद्र के पुरस्कार का निर्धारण किया जाएगा। | इस संबंध में पत्र संख्या राभा 17(1)/2022-हिंदी दिनांक 29.08.2022 द्वारा परिपत्र जारी किया गया है। |
| 10. | अध्यक्ष महोदय की सहमति से निर्णय लिया गया कि सभी क्षेत्रीय केंद्रों को हिंदी दिवस आयोजन के लिए प्रत्येक वर्ष रु 5000/- की एकमुश्त राशि जारी की जाएगी। | इस संबंध में पत्र संख्या राभा 17(1)/2022-हिंदी दिनांक 29.08.2022 द्वारा परिपत्र जारी किया गया है। |
| 11. | संस्थान की वेबसाइट को द्विभाषी किया जाए और उसमें वेबसाइट के अंग्रेजी के साथ हिंदी अद्यतन का विकल्प भी उपलब्ध होने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। परिषद् मुख्यालय के निर्देशानुसार यह भी निर्णय लिया गया कि वेबसाइट में हिंदी राजभाषा के परिपत्र, आदेश की उपलब्धता के लिए एक राजभाषा कोर्नर उपलब्ध कराया जाए। | अब एनबीपीजीआर की वेबसाइट में हिंदी कार्नर उपलब्ध है। |
| 12. | अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार संस्थान की राजभाषा पत्रिका एवं तकनीकी पत्रिका एवं विभागीय शब्दावली संबंधी एक समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। समिति के माध्यम से आगे की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। | विभागीय शब्दावली का कार्य अंतिम चरण में है और प्रकाशन के लिए तैयार है तथा राजभाषा पत्रिका के लिए लेख आमंत्रित किए गए हैं जो नवम्बर माह के अंत तक प्रकाशन के लिए उपलब्ध हो सकेगा। |

| | | |
|---|---|---|
| 13. | अध्यक्ष महोदय के माध्यम से निर्णय लिया गया कि संस्थान के सभी कार्मिकों के लिए हिंदी ज्ञान संबंधी एक रोस्टर तैयार किया जाए। जिसके उपरांत राजभाषा नियमों के आधार पर व्यक्तिशः आदेश जारी किए जाएं। | इस संबंध में पत्र संख्या राभा 1(1)/2022-हिंदी दिनांक 28.10.2022 द्वारा संबंधित अनुभागों को पत्र भेज दिया गया है। |
| 14. | राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के सभी निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने हेतु बिन्दुवार कार्य योजना के आधार पर कार्रवाई करने एवं सीमित अवधि में लक्ष्य प्राप्त करने के ठोस प्रयास किए जाने का निर्णय लिया गया। | इस संबंध में पत्र संख्या राभा 1(1)/2022-हिंदी दिनांक 27.10.2022 द्वारा परिपत्र जारी किया गया है। |

**दिनांक 09.11.2022 को भाकृअपएनबीपीजीआर-, पूसा की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में भाग लेने वालों की सूची**

| क्रम सं | नाम | पदनाम | सदस्य |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह | निदेशक | अध्यक्ष |
| 2. | श्री प्रद्युम्न कुमार जैन | निदेशक (प्रशासन) | सदस्य |
| 3. | श्री प्रशांत शर्मा | नियंत्रक (वित्त) | सदस्य |
| 4. | डॉ महेश चंद यादव | विभागाध्यक्ष, जेनोमिक्स संसाधन प्रभाग | सदस्य |
| 5. | डॉ वीणा गुप्ता | विभागाध्यक्ष, जननद्रव्य संरक्षण प्रभाग | सदस्य |
| 6. | डॉ सुधीरपाल अहलावत | विभागाध्यक्ष, जननद्रव्य अन्वेषण और संग्रहण | सदस्य |
| 7. | डॉ सीलिया चलम | विभागाध्यक्ष ,पादप संगरोधन प्रभाग | सदस्य |
| 8. | डॉ संध्या गुप्ता | प्रभारी, उत्तक संवर्धन एवं क्रायोसंरक्षण प्रभाग | सदस्य |
| 9. | डॉ वंदना त्यागी | प्रभारी, जननद्रव्य विनिमय एवं नीति प्रभाग | सदस्य |
| 10. | डॉ कविता गुप्ता | प्रभारी,  प्राथमिकता निर्धारण, मॉनिटरिंग एवं मूल्यांकन प्रभाग | सदस्य |
| 11. | डॉ अशोक कुमार / डॉ आर के गौतम | विभागाध्यक्ष ,जननद्रव्य मूल्यांकन प्रभाग | सदस्य |
| 12. | डॉ करमबीर सिंह हुड्डा | प्रभारी ,मानव संसाधन प्रभाग | सदस्य |
| 13. | डॉ सुनील अर्चक | प्रभारी, कृषि विज्ञान प्रबंधन प्रभाग | सदस्य |
| 14. | डॉ हनुमान लाल | प्रभारी, एआईसीआरपी | सदस्य |
| 15. | डॉ महेश चंद यादव | प्रभारी, पुस्तकालय | सदस्य |
| 16. | श्री पी के गुप्ता | वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 17. | श्री आशुतोष कुमार | उप निदेशक (राभा) | सदस्य सचिव |